ADMISSIONS 2026-27
MBA | MCA | LLB
BBA | BCA | BA LLB
Apply Now
RADHIKA MERIT SCHOLARSHIP
FOR MERITORIOUS STUDENTS UPTO 40%
(ONLY IN 1ST YEAR) IN ALL UG AND PG COURSES
VALUE ADDED COURSES
• CYBER SECURITY PROGRAM • RFID • ARTIFICIAL INTELLIGENCE PROGRAM • ADVANCE EXCEL WITH POWER BI
• ADVANCE FINANCIAL ACCOUNTING • PYTHON CERTIFICATION • SOFT SKILLS PROGRAM • INTERVIEW PREPARATION
• RESUME BUILDING BY EXPERTS • DATA ANALYTICS • CIS (CUSTOMER INFORMATION SYSTEM) • ADVANCE JAVA PROG WITH GENERATIVE AI
Institute of Management Education
Sahibabad (NCR) Ghaziabad (INDIA)
SPECIAL VALUE ADDED INDUSTRY-FOCUSED AI TRAINING IN MANAGEMENT & IT COURSES
FREE JUDICIAL MENTORSHIP PROGRAM FOR LAW STUDENTS
Main G.T. Road, Sahibabad, Ghaziabad, U.P. - 201005 (Between Mohan Nagar & Dilshad Garden Metro Station) CALL : 9599706361/62/63/64/65 | www.imesahibabad.ac.in

मेरी आवाज सुनो...

कूड़ेदान के बाहर कचरे का लगा ढेर

मैं दयालपुर क्षेत्र का निवासी हूं। यहां जगह नियम की ओर से कूड़ेदान रखा गया है, फिर भी स्थानीय लोगों ने कूड़ेदान के आसपास ही बड़ी मात्रा में कूड़ा फेंक दिया, जिससे यहां गंदगी का ढेर लग गया है। कूड़ेदान होने के बावजूद कई लोग कचरा उसके अंदर डालने की बजाय आसपास ही फेंक देते हैं। इससे क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित होने के साथ-साथ बदबू और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। सड़क किनारे फेंके कूड़े के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
-नितिन कुमार, स्थानीय निवासी

लावारिस पशुओं से लोग परेशान

बैक कालोनी की सड़कों पर लावारिस पशुओं के घूमने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गाय, कुत्ते और अन्य जानवर अचानक सड़क पर आ जाने से जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। कई बार इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। राहगीरों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को भी असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए।
-राज बहादुर, बैक कालोनी

भाजपा का केजरीवाल पर हमला, पीएम आवास मार्च को बताया राजनीतिक ड्रामा

हर्ष मल्होत्रा ने एथनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर आप व कांग्रेस पर निशाना साधा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के 100 लोगों के साथ प्रधानमंत्री आवास जाने की घोषणा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम केजरीवाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच चल रही अराजक नंबर-1 की राजनीति का हिस्सा है।

हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि राहुल गांधी के प्रधानमंत्री आवास पर प्रदर्शन के बाद अरविंद केजरीवाल भी खुद को उसी तरह की राजनीति में आगे दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिना अनुमति प्रधानमंत्री आवास जाने की घोषणा पहले से तय राजनीतिक रणनीति है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को पुरानी राजनीति पहले अराजकता फैलाने और बाद में विक्टिम कार्ड खेलने की रही है।

सियासत

उनके अनुसार, यदि पुलिस सुरक्षा कारणों या अनुमति नहीं होने के चलते उन्हें प्रधानमंत्री आवास जाने से रोकती है तो आम आदमी पार्टी इसे सरकार द्वारा खतरनाक से इनकार के रूप में पेश करने का प्रयास करेगी।

हर्ष मल्होत्रा ने एथनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर भी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एथनॉल का उपयोग प्रदूषण कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और विदेशी मुद्रा की बचत के लिहाज से देश के हित में है। उन्होंने दोनों दलों से 11 अगस्त को संसद में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर के उस बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का समर्थन किया गया था।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से जनता को गुमराह न करने की अपील करते हुए चुनौती दी कि यदि वे एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहनों के खराब होने का दावा कर रहे हैं तो ऐसे 100 वाहनों के उदाहरण प्रस्तुत करें।

वोट कटवाने का षड्यंत्र कर रही है भाजपा: सोमनाथ

■ नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा, चुनाव आयोग के माध्यम से दिल्ली में 30 लाख वोट काटकर को साजिश रच रही है। भारती ने कहा कि एसआईआर फॉर्म में 2002 की मतदाता सूची में स्वयं या फादर-पिता का नाम होने की शर्त के कारण लाखों लोग मताधिकार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में अब तक केवल 47 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन हुआ है, जबकि 5 अगस्त की समयसीमा तक शेष 53 प्रतिशत का सत्यापन संभव नहीं दिखता। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर के प्रशासन के अभाव में बड़ी संख्या में किराएदारों के नाम भी मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। इसे उन्होंने लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ बताया। मुद्दे

मुफ्त साइकिल-स्कूल बैग योजनाओं में भ्रष्टाचार : देवेंद्र

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली और पंजाब की सरकारों को घेरा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की भाजपा सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर छात्र-हित की योजनाओं के नाम पर धन के दुरुपयोग व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि दोनों सरकारें सस्ते राजनीतिक लाभ के लिए साइकिल व स्कूल बैग जैसी योजनाओं का दुरुपयोग कर रही हैं।

यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 1.30 लाख साइकिलें बाजार मूल्य 4,100 रुपये से अधिक 6,923 रुपये प्रति साइकिल पर खरीदकर करीब 90 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उन्होंने निविदा में अनियमितताओं व एक कंपनी को पूर्वनिर्धारित लाभ पहुंचाने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी सरकारी अस्पतालों के लिए चिकित्सा उपकरणों और अन्य सामान की खरीद में अनियमितताओं के मामले सामने आए थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी पंजाब में स्कूल बैग खरीद और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में समुचित साइकिल ट्रैक नहीं होने के कारण जहां छात्राओं को मुफ्त साइकिल बांटना उनकी सुरक्षा से समझौता है। क्योंकि भारी यातायात और प्रदूषण के बीच छात्राओं के लिए साइकिल से स्कूल जाना जोखिम भरा हो सकता है।

दिसंबर तक पोल्ट्री मार्केट फूल मंडी की भी सूरत बदलेगी

नरेला अनाज मंडी में 11 करोड़ से बनेंगे दो स्टील शेड

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। गाजीपुर में 193 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा आधुनिक पोल्ट्री मार्केट अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गाजीपुर में आधुनिक फूल मंडी विकसित की जाएगी, जबकि नरेला अनाज मंडी में करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से दो नए स्टील शेड बनाए जाएंगे। अगले डेढ़ साल में दिल्ली की इन प्रमुख कृषि मंडियों का इंफ्रास्ट्रक्चर बदल जाएगा। इन परियोजनाओं के साथ मंडियों में जलभराव और अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को राजधानी की कृषि मंडियों के पुनर्विकास और विभिन्न मंडियों में चल रही और प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में आईएफसी गाजीपुर में प्रस्तावित आधुनिक फूल मंडी परियोजना को सरकार ने अब बिना देरी के शुरू कराने का फैसला किया है। करीब 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली यह मंडी चरणबद्ध तरीके से तैयार की जाएगी। ये मंडी 2001 से प्रस्तावित है, डीडीए ने जमीन भी ली गई है। गाजीपुर फल, सब्जी और फूल मंडी में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव को खत्म करने के लिए 17 लाख रुपये की लागत से 200 मीटर लंबी बाइपास ड्रेनेज पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए कारोबार बढ़ाने की तैयारी : सरकार का फोकस अब कृषि मंडियों को केवल खरीद-बिक्री का केंद्र नहीं, बल्कि आधुनिक कारोबारी और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने पर है। इसी रणनीति के तहत फूल मंडी, पोल्ट्री मार्केट, स्टील शेड, जलनिकासी और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बेहतर मंडी व्यवस्था मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की कृषि मंडियां किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इन मंडियों को समय की जरूरतों के अनुरूप विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है।

नरेला अनाज मंडी में बढ़ेगा इंफ्रास्टक्चर

■ नरेला अनाज मंडी में व्यापारियों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए दो नए स्टील शेड बनाए जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 11 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नए शेड तैयार होने के बाद अनाज के भंडारण, लोडिंग-अनलोडिंग और कारोबार के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध होगी। अधिकारियों के अनुसार परियोजना को जुलाई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

193 करोड़ का पोल्ट्री मार्केट अंतिम चरण में : गाजीपुर में करीब 15 एकड़ क्षेत्र में बन रहा आधुनिक पोल्ट्री मार्केट राजधानी की सबसे बड़ी मंडी परियोजनाओं में शामिल है। वर्ष 2019 में शुरू हुई इस परियोजना की लागत 193.29 करोड़ रुपये है और निर्माण कार्य करीब 85 फीसदी पूरा हो चुका है। यहां 100 थोक व्यापारियों के लिए दुकानें और 120 प्रोसेसिंग यूनिट विकसित की जा रही हैं। परियोजना दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है।

250 स्कूलों में आरओ, यूवी और यूएफ तकनीक वाले लगेंगे जल एटीएम

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में छात्रों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की तैयारी की है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजीबी) राजधानी के 250 सरकारी स्कूलों में जल एटीएम लगवाएगा। इस परियोजना पर 58 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल्द ही इसके टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। जल बोर्ड का दावा है कि टेंडर प्रक्रिया के बाद इसे छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य है।

दिल्ली के पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कुछ दिन पहले कई परियोजनाओं के एकसाथ कार्य अवार्ड करने की घोषणा की थी। इन परियोजनाओं में स्कूलों में जल एटीएम लगवाने की योजना भी शामिल थी। जल बोर्ड के अधिकारियों ने ओर से बताया गया कि कहना है कि गर्मियों में स्कूलों में पानी की किल्लत और गंदे पानी के कारण बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए आरओ यूवी तकनीक वाले जल एटीएम लगाने का निर्णय लिया गया है। इन मशीनों से छात्रों को ठंडा, साफ पानी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि 58 करोड़ रुपये में मशीनों की खरीद, स्थापना, पाइपलाइन कनेक्शन और पांच साल तक का मेंटेनेंस शामिल है।

परियोजना के तहत प्रत्येक स्कूल में एक से दो जल एटीएम लगाए जाएंगे। छात्रों के लिए पानी पूरी तरह निशुल्क रहेगा। मशीनों में ऑटो अलर्ट सिस्टम भी होगा, जिससे फिल्टर बदलने या मेंटेनेंस की जरूरत होने पर जल बोर्ड को तुरंत सूचना मिल जाएगी। बूरो

पांच महीने से नहीं हुई एनडीएमसी काउंसिल की बैठक, विकास थमा

विनोद दमाम

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की काउंसिल बैठक पिछले पांच महीने से नहीं होने के कारण नई दिल्ली में विकास कार्यों की रफ्तार थमने लगी है। इस वर्ष मार्च के बाद से अब तक काउंसिल की एक भी बैठक नहीं बुलाई गई है। इसका नतीजा यह है कि करीब 50 से अधिक विकास और प्रशासनिक प्रस्ताव मंजूरी के इंतजार में फाइलों में कैद हैं। इनमें कई ऐसे प्रस्ताव भी शामिल हैं, जिनका सीधा संबंध राजधानी के वीवीआईपी क्षेत्र में रहने वाले लोगों और यहां प्रतिदिन आने वाले लाखों नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं से है।

एनडीएमसी सूत्रों के अनुसार, सड़कों के निर्माण और पुनर्निर्माण, पार्कों के सुंदरीकरण, जलापूर्ति व्यवस्था के उन्नयन, विद्युत ढांचे के आधुनिकीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों, सामुदायिक सुविधाओं, भवनों के रखरखाव और अन्य विकास कार्यों से जुड़े 50 से अधिक प्रस्ताव काउंसिल की मंजूरी के लिए भेज रखे हैं। लेकिन बैठक नहीं होने के कारण किसी भी प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका है।

सूत्र बताते हैं कि कई योजनाओं के टेंडर जारी होने बाकी हैं, जबकि कुछ परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी करने की प्रक्रिया भी काउंसिल की स्वीकृति के अभाव में रुकी हुई है। यदि जल्द बैठक नहीं हुई तो कई विकास कार्य निर्धारित समय से पीछे चले जाएंगे, जिससे परियोजनाओं की लागत बढ़ने की भी आशंका है। दरअसल करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं, वित्तीय प्रस्तावों, नीतिगत निर्णयों और महत्वपूर्ण प्रशासनिक मामलों को लागू करने से पहले काउंसिल की मंजूरी आवश्यक होती है।

अधिकारियों ने लंबित प्रस्तावों की सूची तैयार कर ली है और बैठक होने पर इन्हें एजेंडे में शामिल किया जाएगा। हालांकि, अब तक अगली बैठक की तिथि तय नहीं की गई है।

अखबार अच्छी राह दिखाता है, पढ़ते रहिए

अनिल कुमार, जगजीत नगर

मोनू देवल, जगजीत नगर

अमर उजाला पढ़ते हुए आप भी अपनी तस्वीर नाम- पते के साथ 7669303698 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं।

हिंदू राव अस्पताल में इलाज होगा और बेहतर

नई दिल्ली। एमसीडी के हिंदू राव अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण व स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू होने से नेत्र, महिला, बाल व सर्जरी से जुड़े मरीजों को बेहतर, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा।

नेत्र विभाग में ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी), विजुअल फील्ड एनालाइजर, फंडस कैमरा, फेको इमल्सिफिकेशन मशीन व क्रायोप्रिजर्वेटर लगाए गए हैं, जिससे ग्लूकोमा, रेटिना व मोतियाबिंद की जांच अधिक सटीक होगी। सर्जरी विभाग को लैप्रोस्कोपी सिस्टम, न्यूमैटिक लिथोट्रिप्टर व सी-आर्म मशीन से सुसज्जित किया गया है, जिससे कम चीरे वाली सर्जरी प्रणाली होगी, दर्द घटेगा व अस्पताल में भर्ती अवधि कम होगी।

महिलाओं व नवजातों के लिए अत्याधुनिक लेबर रूम व सीटीजी मशीन शुरू की गई है, जिससे प्रसव के दौरान मां व शिशु की बेहतर निगरानी होगी। बच्चों के लिए पीडियाट्रिक स्पाइरोमीटर व फिजियोथेरेपी विभाग में आधुनिक जिम व पुनर्वास सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। इंटीग्रेटेड ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर से मरीजों को अलग-अलग जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा।

महापौर प्रवेश साही ने इन सुविधाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एमसीडी अस्पतालों में आधुनिक तकनीक का विस्तार आम नागरिकों को निजी अस्पतालों जैसी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं निशुल्क देने के उद्देश्य से है।

सोनालीका ने जुलाई में 11,442 ट्रैक्टर बेचे, घरेलू बिक्री 27.2 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली (वि)। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने जुलाई 2026 में 11,442 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। यह कंपनी की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री में 27.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। कंपनी ने घरेलू उद्योग के मुकाबले 1.3 गुना अधिक वृद्धि हासिल की। इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक रमन मित्तल ने कहा, इसके साथ ही सोनालीका घरेलू बाजार में सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने वाली कंपनी भी बनी। यह प्रदर्शन वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनी की मजबूत रफ्तार को दर्शाता है। किसानों की जरूरतों के हिसाब से समाधान देने पर कंपनी का ध्यान रहा है। मानसून में सुधार और खरीफ की बुवाई के कारण ट्रैक्टरों की मांग बढ़ी है। विशेषकर अधिक हॉर्स पावर वाले ट्रैक्टरों की मांग में वृद्धि देखी गई है। सोनालीका का ट्रैक्टर पोर्टफोलियो किसानों की तकनीक और विश्वसनीय प्रदर्शन देता है।

व्यावसायिक गतिविधि

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
आइये, एक बेहतर जीवन बनायें। www.centralbankofindia.co.in Build a better life around us.
Regional Office : Naka Chandravadni Chauraha, Infront of Govt. Polytechnic College, Jhansi Road, Gwalior (M.P.) - 474009 Ph. : 0751-2402020, 2402021, Fax : 0751-2402022
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
चल/अचल संपत्ति का विक्रय नोटिस (ई-नीलामी दि. 24-08-2026)
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और जमानतदारों-यहां को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी-बमाधित है, का कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को जहां है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है एवं वर्णित संपत्ति के बाबत पर निम्नलिखित देनदारों, प्रतिभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार को बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक 24-08-2026 को बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

शाखा	उधारकर्ताओं का नाम	बंधक/गिरवीदार शाखा (शाखाओं) की सम्पत्ति का पूर्ण विवरण	सांकेतिक कब्जा दिनांक	दिनांक (आरक्षित मूल्य)	अग्रिम जमा (ईएमडी)	बोली वृद्धि
ग्वालियर जिला गुना	4. एस.पी. मार्केटिंग इण्डस्ट्रीज पता- प्लॉट नं. 401-11, जिला इण्डस्ट्रियल एरिया, अशोक, जिला गुना (म.प्र.) - 476444 1. श्री राजेश पुत्र पुत्र श्री रामनारायण पुत्र, निवासी- आनंद भवन, स्वराज सदन के पास, महोबाद्वार, गदाखेड़ा, जिला गुना (म.प्र.)-474008 2. श्री प्रकाश पुत्र पुत्र श्री रामकिशन पुत्र निवासी- रामदास कॉलोनी, महोबाद्वार, गदाखेड़ा, जिला गुना (म.प्र.)-474008 3. श्री राजकुमार पुत्र पुत्र श्री रामकिशन पुत्र पता- कॉलोनी रोड, अशोक, जिला गुना (म.प्र.) -475110 द्वारा सदस्यों- (1) श्री मोहन लाल मुरारी पुत्र श्री रामलाल मुरारी (19.03.2020 को मृत) मा. श्री मोहनलाल मुरारी पुत्र श्री रामलाल मुरारी के माध्यम से (i) श्री रोहन मुरारी पुत्र मा. मोहन लाल मुरारी निवासी- बी-53, निर्मा नगर, केयरन सर्विस कार्ट सर्वी बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110034 (ii) श्री राकेश मुरारी पुत्र मा. मोहनलाल मुरारी निवासी- बी-53, निर्मा नगर, केयरन सर्विस कार्ट सर्वी बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110034 (iii) श्री सुनील मुरारी पुत्र मा. मोहनलाल मुरारी निवासी- बी-53, निर्मा नगर, केयरन सर्विस कार्ट सर्वी बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110034 (v) श्रीमती विमल सर्मा का. मोहन लाल मुरारी निवासी- बी-53, निर्मा नगर, केयरन सर्विस कार्ट सर्वी बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110034 (vi) श्री मनोज मुरारी पुत्र श्री रामलाल मुरारी निवासी- मकान नं. 211/250 निर्मा नगर, सर्वी बाग, नई दिल्ली-110034 5. श्री राकेश मुरारी पुत्र श्री मोहन लाल मुरारी पता- बी-53, निर्मा नगर, केयरन सर्विस कार्ट सर्वी बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110034 6. श्रीमती सरला मुरारी सर्मा श्री मोहनलाल मुरारी निवासी- महावीर कॉलोनी, बलवा का हेड, अशोक जिला गुना (म.प्र.)-475110	10/10/2025 / 03/01/2026	7,02,00,000/- (उ.सा.लाख हैं लाख मात्र)	70,20,000/- (उ.सा.लाख बीस हजार मात्र)	7,00,000/- (उ.सा.लाख मात्र)

विक्रय के नियम और शर्तें के बारे में जिन्हें कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट जर्नल www.centralbankofindia.co.in देखें या फिर अनुमोदित सेवा प्रदाता मै. मैसर्स एलाइन्स इंडिया लिमिटेड के वेबसाइट https://ebkray.in अथवा https://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। हेल्पलाइन नंबर 8291220220 या वैकेंसी कार्यालय मोबाइल नंबर: 9109812840 से संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक : 03-08-2026, स्थान : ग्वालियर (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम संख्या XXV, 1975 के अंतर्गत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएमी द्वारा 'ए+' ग्रेड से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
प्रवेश सूचना (विज्ञापन संख्या पीआर-07 / 2026)
2026-27 के लिए बी.एड./एम.एड./बी.एड. स्पेशल एजुकेशन /एम.एड. स्पेशल एजुकेशन (2 वर्षीय कार्यक्रम)
एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक, प्रवेश पोर्टल https://admission.mdu.ac.in के माध्यम से इस विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों/शिक्षा संस्थानों में बी.एड./ एम.एड./बी.एड. स्पेशल एजुकेशन/ एम.एड. स्पेशल एजुकेशन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 27.07.2026 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए, पात्रता, प्रवेश कार्यक्रम, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी से संबंधित प्रॉस्पेक्टस देखें, जो 27.07.2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन 27.08.2026 (23:55 बजे) तक स्वीकार किए जाएंगे।
रजिस्ट्रार
SAMVAD:- 1235/11/179/2027/47750/C/1/7 Dated- 03/08/2026

कार्यालय तहसीलदार(सदर) गाजियाबाद
पत्रांक: 660/आरटीसी/सदर/2026 दिनांक: 03/08/2026
लोक सुनवाई हेतु सूचना
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद गाजियाबाद में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के माध्यम से इन्टीग्रेटिड टाउनशिप योजना हेतु ग्राम ग्राम शाहपुर बमोटा की 4.1921 हैक्टेयर भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु चयनित एजेंसी "अडिमा" द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट रिपोर्ट पर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली-2016 की धारा-7 (3) के अन्तर्गत लोक सुनवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 13.08.2026 (बृहस्पतिवार) को 12:30 बजे अपराह्न, स्थान सभाकक्ष, तहसील सदर गाजियाबाद पर की जायेगी।
उक्त भूमि से सम्बन्धित भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्ति अपने-अपने आक्षेप लोक सुनवाई हेतु नियत दिनांक 13.08.2026 (बृहस्पतिवार) को 12:30 बजे अपराह्न को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपरिनांकित को ही सुनवाई की जायेगी। अर्जन हेतु प्रस्तावित खसरा नम्बरानों (जिनके संदर्भ में लोक सुनवाई की जायेगी) की सूची निम्नवत है:-

जनपद	तहसील	परगना	ग्राम	गाटा सं०	अर्जित किया जाने वाला रकबा (हेक्टेयर में)
गाजियाबाद	गाजियाबाद	डासना	शाहपुर बमोटा	812मि0	0.0445
				909मि0	0.0356
				846मि0	0.1009
				847मि0	0.1012
				848मि0	0.1012
				1187	0.2780
				1340मि0	0.0574
				1344	0.4550
				1345मि0	0.394
				1346मि0	0.0160
				1348मि0	01440
				1349मि0	0.0505
				1351	0.4300
				1352मि0	0.0688
				1364मि0	0.0641
				2547मि0	0.2159
				2548मि0	0.2340
				2549मि0	0.0584
				2550मि0	0.2475
				2552मि0	0.3280
				2553मि0	0.3100
				2555मि0	0.2301
				2558मि0	0.2270
				योग:-	4.1921

नोट- सुनवाई की तिथि: 13.08.2026, समय: 12:30 बजे अपराह्न, स्थान- सभाकक्ष तहसील गाजियाबाद।
टिप्पणी:- सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना की ड्राफ्ट रिपोर्ट जनसामान्य के निरीक्षण हेतु कलेक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0म0) महोदय गाजियाबाद के कार्यालय कक्ष संख्या 220, कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद में उपलब्ध है।
(रितेश कुमार सिंह)
तहसीलदार,गाजियाबाद।